लोक सभा अध्यक्ष ने टोक्यो ओलंपिक्स में पी.वी. सिंधु की जीत पर बधाई दी

टोक्यो ओलंपिक्स में हमारी महिला खिलाड़ी देश का गौरव बढ़ा रही हैं: श्री ओम बिरला

पी.वी. सिंधु की जीत से ओलंपिक्स में भाग ले रहे अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी: श्री बिरला

नई दिल्ली, 1 अगस्त, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने टोक्यो ओलंपिक्स में कांस्य पदक जीतने पर भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी, सुश्री पी.वी. सिंधु को बधाई दी है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"टोक्यो ओलंपिक्स में बैडमिंटन में कांस्य पदक जीतने पर पी.वी. सिंधु को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आज की जीत के साथ उन्होंने एक नया इतिहास रचा है। वह दो ओलंपिक में लगातार पदक जीतने पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी हैं। इस उपलब्धि पर भी उन्हें बधाई। "

भारत की नारी शक्ति की सराहना करते हुए श्री बिरला ने कहा," भारत की महिलाओं ने ओलंपिक्स में अपनी काबिलियत साबित की है। पहले मीराबाई चानू ने रजत पदक जीता, फिर लवलीना ने देश के लिए पदक सुनिश्चित किया और अब पी.वी. सिंधु ने कांस्य पदक जीता है। मुझे विश्वास है कि इन महिला खिलाड़ियों की जीत से अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी तथा हम कई और पदक जीतने में कामयाब रहेंगे।"

इस अवसर पर, श्री बिरला ने टोक्यो ओलंपिक्स में भारतीय खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं।